तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 दिसंबर 2024

11 दिल्ली से लौटे विधायक चंद्राकर, आज मनोनीत सोसाइटी ...


12 पीएम आवास के आवेदन निरस्त, पार्षद निधि भी नहीं मिली : महापौर




## खबर संक्षेप

### डोंगेश्वर धाम में बैठक 7 को

**धमतरी।** डोंगेश्वर धाम स्थित गायत्री मंदिर और सामुदायिक भवन के भूमिपूजन और शिलान्यास के लिए दिन तिथि का निर्धारण करने के लिए 7 दिसंबर को देवपुर मेला स्थल में बैठक का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष बिसहत राम साहू, उपाध्यक्ष पारसमणि साहू, सचिव चंद्रहास साहू, कोषाध्यक्ष शांतिलाल साहू, पूर्णानंद साहू ने सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### ओव्हरहेड टैंकों की सफाई 6 से 10 दिसम्बर तक

**धमतरी।** नगर निगम क्षेत्र स्थित दस ओव्हरहेंड टेंक में वाटर फिल्टर के माध्यम से पानी भरा जाता है जिसका सफाई कार्य 6 माह पश्चात वैज्ञानिक पद्धति से किया जाता है। निगम से जारी जानकारी के मुताबिक इतवारी बाजार स्थित नई एवं पुरानी ओव्हरहेड टेंक की सफाई 6 दिसम्बर को, गायत्री मंदिर एवं संेचुरी गार्डन के टेंक की सफाई 7 दिसम्बर को, बठेना वार्ड, जालमपुर वार्ड के टेंक की सफाई 8 दिसम्बर को, महिमासागर एवं सोरिद वार्ड के ओव्हरहेड टेंक की सफाई 9 दिसम्बर को, कांटा तालाब सुभाष नगर वार्ड के ओव्हरहेड टेंक की सफाई 10 दिसम्बर को की जाएगी। इस तिथि पर वार्डों में पानी सप्लाई बाधित रहेगी।



- सफाई तिथि पर संबंधित वार्ड में पानी सप्लाई रहेगी बाधित

### पीडी नाला में महिला गिरी स्लेब बनाने की मांग



**धमतरी।** राष्ट्रीय राजमार्ग रत्नाबांधा चौक से पहले खुले पीडी नाला में बुधवार को एक महिला गिर गई। आसपास के लोगों ने नाले में उतरकर उसे बाहर निकाला। ज्ञात हो कि कचरे से अटे पड़े इस नाले में गिरने के बाद लोग चोटिल हो रहे हैं। आए दिन कोई न कोई राहगीर गिरता है। लंबे समय से लोग यहां स्लेब लगाने की मांग क रहे हैं। 3-4 माह पहले एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की इसी स्थान पर मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने यहां स्टापर लगाकर निगम प्रशासन को स्लेब लगाने सूचित किया था। लोगों ने नगर निगम से स्लेब लगाकर नाला को ढंकने की मांग की है।

बैठक : राज्यपाल ने कलेक्टोरेट में शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी ली

# जनजातीय समूह को मिले बेहतर सुविधाएं : रमेन डेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राज्यपाल रमेन डेका बुधवार को धमतरी जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की फ्लैगशिप योजनाओं की चर्चा की। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का क्रियान्वयन धरातल पर सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। बैठक में उन्होंने जिले में जल एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आमजनों को जल संरक्षण की दिशा में जोड़ने एवं उन्हें जागरूक करने संबंधी तैयार की गई लघु फिल्म को राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने कहा कि जिले में जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं।

राज्यपाल श्री डेका ने जिले में एक पेड़ मां के नाम के तहत लगाए गए पौधों की जानकारी ली और कहा कि लगाए गए पौधों को जीवित रखने लोगों को जागरूक करें। राज्यपाल ने जिले में टीबी उन्मूलन के तहत चलाए गए कार्यक्रमों की जानकारी ली। राज्यपाल श्री डेका ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों की जानकारी लेते हुए कहा कि सभी आवासों को गुणवत्ता व समय का ध्यान रखते हुए पूरा कराएं। एनसीसी को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि बच्चों को एनसीसी के प्रति प्रोत्साहित करें। एनसीसी से बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। बैठक में राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि लोगों को हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाए जाने हेतु जागरूकता करें तथा स्टंटबाजी करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करें। उन्होंने जैविक कृषि को बढ़ावा, स्वच्छता, बाल लिंगानुपात के प्रति जागरूकता, लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर को कम करने, विशेषकर श्रमिक एवं अनाथ बच्चों की शिक्षा, जिले में पुस्तकालय एवं वाचनालय, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं राष्ट्र के महापुरूषों के प्रति सम्मान का भाव, असहाय, परित्यक्ता वृद्धजनों की सहायता, वनवासी क्षेत्र में शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाओं का विकास तथा उन्हें मुख्य धारा में लाने के उपाय के बारे में चर्चा भी की। शिक्षा, चिकित्सा, पानी दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाले जनजातीय समूह को बेहतर सुविधाएं मिले। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## समाज का सबसे अच्छा काम है सफाई : राज्यपाल






**धमतरी।** राज्यपाल रमेन डेका ने ग्राम पंचायत रुद्री में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत निर्मित सामुदायिक शौचालय का अवलोकन किया। उन्होंने शौचालय के उचित रख-रखाव एवं उपयोग को देखकर सरपंच श्रीमती अनीता यादव तथा ग्रीन आर्मी स्वच्छाग्रही से चर्चा करते हुए कहा कि समाज का सबसे अच्छा काम सफाई है। इसकी बदौलत हम सभी को स्वच्छ वातावरण मिल पाता है। उन्होंने इन स्वच्छाग्रही दीदियों का उत्साहवर्धन करते हुए श्रीमती हिरौंदी यादव और श्रीमती दुरपद को एक-एक हजार रूपये की राशि प्रदान की। मौके पर कलेक्टर नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी के साथ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान राज्यपाल ने ग्राम पंचायत रूद्री स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राही रेखा कौशिक से चर्चा की। श्रीमती रेखा ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत मुझे 4 किश्त में 1 लाख 20 हजार रूपये मिली, जिससे उन्होंने 1 साल में अपना पक्का मकान पूरा कर लिया है और खुशी-खुशी परिवार के साथ रहने लगी।

## राज्यपाल ने जिला पंचायत परिसर में रूद्राक्ष के पौधे रोपे



**धमतरी।** राज्यपाल रमेन डेका ने धमतरी प्रवास के दौरान जिला पंचायत परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रूद्राक्ष के पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी, वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव और सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सामान्य बीमारी के इलाज के लिए युवती पहुंची थी अस्पताल, 24 घंटे में हो गई मौत

- कलार समाज युवा मंच में आक्रोश, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



एक सामान्य बीमारी के इलाज के लिए रायपुर के एक अस्पताल में पहुंची 20 वर्षीय युवती की मौत से कलार समाज में आक्रोश है। युवा मंच कलार समाज ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन प्रेषित कर रायपुर के अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

युवा मंच कलार समाज के युवा बुधवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन प्रेषित करते हुए बताया कि कलार समाज की बिटिया वीणा गजेन्द्र उम्र 20 वर्ष को महिलाओं से संबंधित सामान्य बीमारी के चलते 25 नवंबर को रायपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जब वह अस्पताल पहुंची तो सामान्य थी। अस्पताल में भर्ती होने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने सामान्य जांच परीक्षण 10 से 15 मिनट में होने की जानकारी दी। इसके बाद प्रबंधन ने बिना कोई ठोस बीमारी व बीमारी की वजह बताए वीणा को वेंटिलेटर में डाल दिया और 26 नवंबर को उसे मृत घोषित कर दिया गया। समाज के युवाओं ने बताया कि स्वस्थ बच्ची को सामान्य जांच और चिकित्सा के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 24 घंटे के भीतर लापरवाही के चलते उसकी मृत्यु हो गई। इससे परिवार सहित समाज में दुख व्याप्त है।

युवा मंच अध्यक्ष नोमेश सिन्हा ने कहा कि इस लापरवाही के लिए अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि फिर किसी परिवार को इस प्रकार का दुख सहना न पड़े। युवा मंच सचिव मोनू सिन्हा ने कहा कि इस घटना से कलार समाज में आक्रोश है। उन्होंने इस मामले की न्यायिक जांच की मांग भी की।

इस दौरान मुख्य रूप से समाज के जिला महामंत्री गणराज सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, रशीद सिन्हा, भूषण सिन्हा, प्रहलाद सिन्हा, जीवनलाल सिन्हा, पंकज सिन्हा, देवनारायण, हुमेंद्र सिन्हा, जगदीश सिन्हा, सोहन उपस्थित थे।

# सो रही तीन साल की बच्ची को हाथी ने पटककर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

नगरी क्षेत्र में हाथियों का आतंक बना हुआ है। हाथी 3-4 साल में 4 से 5 लोगों को मौत के घाट उतार चुके हैं। मंगलवार की रात्रि को वनांचल क्षेत्र के अरसीकन्हार, आमाबहर, बिलपानी में हाथियों को विचरण करता देखा गया। हाथी के एक घायल बच्चे को आमाबहार में रात्रि देखा गया था। रात्रि करीबन 12 बजे ग्राम पंचायत रिसगांव के आश्रित ग्राम आमाबहर से लगे कमारपारा में अपने घर के समीप झोपड़ी में अपने परिवार के साथ संजय कमार सो रहा था। तभी एक छोटा हाथी आया और सो रही राधा कमार पिता संजय कमार 3 वर्ष को अपनी सूंड से झोपड़ी से बाहर निकालकर पटककर मार डाला।

## मामला धमतरी जिले के रिसगांव क्षेत्र का



यह दृश्य देखकर वनांचल क्षेत्र के निवासियों में दहशत है। अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर वे चिंतित हैं। इधर सरपंच एवं ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं। हाथी कहां विचरण कर रहे हैं, इसकी जानकारी कर्मचारियों को नहीं है। विभाग द्वारा हाथी विचारण जानकारी नहीं मिलने के कारण यह घटना हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीओ परिक्षेत्र अधिकारी, वन विभाग के कर्मचारी घटनास्थल पहुंचे।

# कायाकल्प योजना : जिला अस्पताल को मिला सांत्वना पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




- आमदी पीएचसी रहा विजेता

कायाकल्प स्वच्छ अस्पताल योजना के तहत जिला अस्पताल को सांत्वना पुरस्कार मिला है। वहीं आमदी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सोनझरी सीएचसी विजेता रहे।

शासन प्रत्येक वर्ष कायाकल्प योजना चलाता है। इस योजना के तहत अंतर्जिला व स्टेट की टीम जिला अस्पतालों व शासकीय स्वास्थ्य सेंटरों की जांच करती है। इस दौरान 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले अस्पतालों को पुरस्कृत किया जाता है। योजना के तहत वर्ष 2023-24 के विजेता, उपविजेता एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रदेश के जिला अस्पतालों व स्वास्थ्य केंद्रों की घोषणा कर दी गई है। 70 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वालों में प्रदेश के 17 जिला अस्पताल शामिल हैं।

इसी तरह 44 सिविल अस्पताल, 49 शहरी स्वास्थ्य केंद्र, 308 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व 933 आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल है। जिला अस्पताल की केटेगरी में धमतरी का जिला चिकित्सालय 15वें नंबर पर रहा है। उसे 76.79 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। वहीं बेमेतरा का जिला अस्पताल प्रथम व कोंडागांव का जिला अस्पताल द्वितीय स्थान पर रहा। धमतरी के जिला अस्पताल को सांत्वना पुरस्कार से संतुष्ट होना पड़ा है। इसी तरह पीएचसी केटेगरी में आमदी पीएचसी 92.5 प्रतिशत अंक लेकर विजेता रहा। अन्य 8 पीएचसी को सांत्वना पुरस्कार मिला है। वहीं यूपीएचसी ईतवारी बाजार को भी सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ है।कायाकल्प योजना में जिला अस्पताल के पिछड़ने का मुख्य कारण पुरानी बिल्डिंग को माना जाता है। आगामी वर्षों में नया भवन तैयार हो जाने से कायाकल्प योजना में अग्रणी रहने की संभावना है।

### सुधार किया जाएगा

सिविल सर्जन डा.राजेश सूर्यवंशी ने मीडिया को बताया कि योजना के तहत पिछले वर्ष कुछ कमियां रह गई थीं, उसे पूरा किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से कचरे का निष्पादन व कर्मचारियों में स्किल डेव्हलपमेंट शामिल हैं। आवश्यक सुधार किया जाएगा।

# अपने ही ट्रक के नीचे आ गया चालक, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



- टायर फटने से हुई घटना

चलते ट्रक का टायर फट जाने के कारण चालक नीचे गिरकर पहियों की चपेट में आ गया। इस घटना में ट्रक चालक की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार देवेंद्रकुमार साहू पिता नजरूराम उम्र 35 वर्ष ग्राम चूल्हापथरा थाना गुरुर निवासी ट्रक चलाने का काम करता था। युवक इन दिनों नारायणपुर निवासी सूरज साहू के ट्रक को चला रहा था। 29 नवंबर की शाम देवेंद्र अपने घर के पास खड़े ट्रक को लेकर नारायणपुर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ग्राम भोथा थाना चारामा के पास अचानक ट्रक के सामने का पहिया फट गया। इस घटना से ट्रक के सामने का ग्लास टूट गया। टायर फटने के कारण ट्रक अनियंत्रित हो गया। अचानक हुई इस घटना में चालक देवेंद्र टूटे हुए ग्लास की तरफ बाहर फेंकाकर चलते ट्रक के सामने गिर गया। चालक पहियों की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चारामा अस्पताल लाया गया। रिफर किए जाने पर धमतरी के जिला अस्पताल व मसीही अस्पताल के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान चालक की बुधवार की सुबह मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा के साथ दस्तावेज सत्यापन की बाध्यता समाप्त

# अब नहीं लगती रोजगार कार्यालय में पंजीयन के लिए भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रोजगार पंजीयन ऑनलाइन होने के बाद अब रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पहले जैसे भीड़ नहीं लगती है। युवाओं को काफी राहत मिली है। जो युवा पंजीयन के लिए पहुंचते हैं, उनका काम भी दोपहर से पहले ही हो जाता है। ऐसे में अब रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में प्लेसमेंट आदि में फोकस किया जा रहा है।

सरकारी नौकरी सहित कई जगहों पर रोजगार पंजीयन अनिवार्य है। ऐसे में कोर्स कम्पलीट करने के बाद युवा रोजगार पंजीयन जरूर कराते हैं। पहले रोजगार पंजीयन ऑफलाइन होता था। युवाओं को



रोजगार मार्गदर्शन केंद्र जाकर पंजीयन करवाना पड़ता था। पूरे जिले में पंजीयन के लिए सिर्फ एक दफ्तर होने के कारण रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में भीड़ लगी रहती थी। दूर से आए युवाओं को परेशानी उठानी पड़ती थी। इन समस्याओं को देखते हुए शासन ने रोजगार पंजीयन का पूरा सिस्टम ही ऑनलाइन कर दिया है। युवा च्वाइस सेंटर या खुद के मोबाइल से रोजगार पंजीयन कर सकते हैं। पहले यह सुविधा युवाओं को समझ में नहीं आ रही थी, लेकिन अब युवा इस सिस्टम को खूब पंसद कर रहे हैं। पंजीयन कराने वाले अधिकांश युवाओं ने तो मोबाइल या च्वाइस सेंटर से ही पंजीयन कराया है। कई युवा रोजागार मार्गदर्शन केंद्र पहुंचे थे। वहां पर भी उनका पंजीयन ऑनलाइन ही किया गया। जानकारी के अनुसार इस साल 75325 युवाओं ने रोजगार पंजीयन कराया है। इसमें से 38079 ने खुद से पंजीयन कराया है, जबकि 37246 युवा रोजगार मार्गदर्शन केंद्र पहुंचे थे।

### सत्यापन की जरुरत नहीं

पहले ऑनलाइन करने के बाद भी युवाओं को डाक्यूमेंट सत्यापन के लिए रोजगार मार्गदर्शन केंद्र आना पड़ता था लेकिन अब यह बाध्यता भी समाप्त कर दी गई है। युवा मोबाइल से या च्वाइस सेंटर से पंजीयन कर सकते हैं। इसके लिए जो डाक्यूमेंट वे अपलोड करेंगे या फार्म में भरेंगे वहीं मान्य होगा। पंजीयन के लिए न तो डॉक्यूमेंट सत्यापन करवाने की जरूरत है और न ही अधिकारी की सील, साइन अनिवार्य है। पंजीयन के बाद जो रिसिप्ट मिलेगी उसे ही मान्य किया जाएगा। डाक्यूमेंट सत्यापन की जिम्मेदारी नौकरी देने वाले नियोक्ता की है।

### ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा से मिली राहत

एक समय था जब रोजगार मार्गदर्शन केंद्र में पंजीयन के लिए युवाओं की भारी भीड़ पहुंचती थी। कई बार तो कतार इतनी लंबी होती थी कि कर्मचारी देर शाम तक काम करके भी सभी का पंजीयन नहीं कर पाते थे। युवाओं को पंजीयन के लिए दो तीन इंतजार करना पड़ता था। दूर से आए युवाओं को इससे ज्यादा परेशानी होती थी। उन्हें बार-बार आना पड़ता था। अब ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा शुरू होने से युवाओं की यह समस्या समाप्त हो गई है।

हरिभूमि
पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### नियमितीकरण को लेकर बनाई रणनीति

**नगरी।** सर्व विभागीय दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी महासंघ की वार्षिक बैठक नगरी में हुई जिसमें पूरे प्रदेश के कोने -कोने से कर्मचारी आए थे। नियमितीकरण को लेकर ठोस नीति तैयार की गई। कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। वर्तमान सरकार से सामंजस्य स्थापित करने की बात कही। मौके पर प्रदेशाध्यक्ष दिनेश शर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, महामंत्री केशव बंछोर सहित विभिन्न जिलों के अध्यक्ष, मनरेगा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सीमांत प्रजापति उपस्थित थे।

### जीवन दरबा सोसाइटी के अध्यक्ष बने

**जीजामगांव।** जीवन साहू कोड़ापार को प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित दरबा का प्राधिकृत अधिकारी चुना गया। समिति प्रबंधक राजेश सेन ने नवनिर्वाचित श्री साहू का गुलाल एवं पुष्पहार से स्वागत कर शपथ पत्र सौंपा। प्राधिकृत अधिकारी ने किसानों का हरसंभव मदद करने की बात कही। इस अवसर पर श्यामलाल साहू, कौशलैस आडिल, गुलशन कुमार साहू, टकेश साहू, बेनीराम साहू, खेमचंद साहू, बिसेलाल साहू, झुमुक लाल साहू, डीहूराम साहू उपस्थित थे।

## निधन

### चंद्रिका मरकाम



**नगरी।** ग्राम कोहिनपारा (गट्टासिल्ली) निवासी चंद्रिका मरकाम धर्मपत्नी रामप्रसाद मरकाम का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर को दोपहर 12 बजे किया गया। इस अवसर पर स्वजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, दुर्गा मंदिर के पीछे, होम प्लेज के ऊपर धमतरी मो. 9174466336

रूद्री से विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव की हुई शुरूआत

# युवाओं में छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अच्छा अवसर : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी












विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव की शुरूआत धमतरी विकासखण्ड के ग्राम रूद्री से हुई। ग्राम पंचायत रूद्री प्रांगण में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामू रोहरा ने कहा कि यह आपके भीतर छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अच्छा अवसर है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल जिला, राज्य बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी आपकी पहचान बनेगी।

पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और उनकी कला को निखारने का काम प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय कर रहे हैं। इस विकासखण्ड में चयनित प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन, जिला स्तर और राज्य स्तर पर करेंगे। इस अवसर पर जिपं सदस्य जागेन्द्र साहू, खूबलाल ध्रुव, सरपंच श्रीमती अनिता यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, स्कूली विद्यार्थी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

बता दें कि युवा उत्सव प्रतिवर्ष विभिन्न स्तरों पर आयोजित किए जाते हैं। विकासखंड स्तर पर प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय युवा उत्सव के लिए किया जाता है। आयोजित युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत लोक नृत्य एकल एवं सामूहिक, लोकगीत एकल एवं सामूहिक, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, विज्ञान प्रदर्शनी एकल एवं सामूहिक, कृषि उत्पाद, हस्तशिल्प इत्यादि 12 विधाओं से प्रतिभागियों का चयन किया गया।

सामूहिक लोकनृत्य में वेदप्रकाश सिन्हा एवं साथी प्रथम एवं साक्षी एवं साथी द्वितीय स्थान पर रहे। एकल गीत में प्रथम पूनम साहू, द्वितीय धनेन्द्र, सामूहिक लोकगीत में प्रथम धनेन्द्र एवं साथी, द्वितीय बालगृह के प्रतिभागी, चित्रकला में प्रथम विकास साहू, द्वितीय कृति साहू, कविता लेखन में अंकित ध्रुव प्रथम और सोमेश्वर प्रसाद गंजीर द्वितीय स्थान पर रहे।

ज्ञात हो कि 4 दिसम्बर को अटल बिहारी बाजपेयी स्टेडियम कुरूद में आयोजन हुआ। इसी तरह 5 दिसम्बर को शाउमावि भैंसमुंडी, मगरलोड और 6 दिसम्बर को श्रृंगीऋषि शाउमावि नगरी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 13 दिसम्बर को इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में किया जाएगा।

# जीएसटी की बारीकियों से अवगत हो रहे छात्र




- पीजी कालेज में जीएसटी प्रैक्टिशनर पर छह दिवसीय वर्कशॉप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के मार्गदर्शन में जीएसटी प्रैक्टिशनर पर 6 दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन 2 दिसंबर से किया गया है।

उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता आयुष माहेश्वरी चार्टर्ड एकाउंटेंट धमतरी, प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक, आकाश कुमार उर्कुडे मैकेनिकल इंजीनियर, बी हरीश मैकेनिकल एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर दुर्ग, पीएम उषा प्रभारी अमित साहू, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष अमरसिंह साहू थे। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष ने कहा कि भारत में जीएसटी देश में चल रही कर प्रणाली में सुधार के रूप में जाना जाता है। अमित साहू ने बताया कि यह वर्कशॉप पीएम उषा के अंतर्गत आयोजित हो रहा है। आकाश कुमार उर्कुडे ने बताया कि एमएसएमई मंत्रालय ने हर एक राज्य में एक विभाग खोला है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग में भी एमएसएमई का भी एक केंद्र खोला गया है। एमएसएमई केंद्र महाविद्यालय विभिन्न विषयों पर वर्कशॉप, सेमिनार, व्याख्यान, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार पाठक ने छात्र छात्राओं को इस कार्यशाला को गंभीरता से लेने के लिये प्रेरित किया। छात्र-छात्राएं इस विषय पर विशेषज्ञता हासिल कर अपने निकटतम व्यक्ति को इस विषय की बारीकियों से अवगत कराएं। इसे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। मुख्य वक्ता आयुष होतवानी चार्टर्ड एकाउंटेंट ने जीएसटी की अवधारणा, जीएसटी से अर्थव्यवस्था को लाभ, जीएसटी की संरचना, जीएसटी की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वैट और सेवाकर से जीएसटी तक का विकास, जीएसटी मॉडल, टैक्सेबल व्यक्ति, जीएसटी कौंसिल, इनपुट टैक्स क्रेडिट के बारे में जानकारी दी।

# सेना में जाकर मातृभूमि की सेवा करें : गौतम

- 19 वर्ष तक देश की सेवा करने के बाद घर लौटने पर जवान का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





जवान गौतमकुमार निषाद हवलदार पद पर सेवानिवृत्त होने के बाद अपने गांव कुल्हाड़ीकोट पहुंचे। ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया गया। स्व. बालूराम निषाद के तीन बेटों में सबसे छोटे बेटे गौतम कुमार निषाद 30 नवंबर शनिवार को आर्मी से सेवानिवृत हुआ। 2 दिसंबर सोमवार को गृहग्राम कुल्हाड़ीकोट पहुंचने पर युवाओं ने बाइक रैली निकाल कर बाजे-गाजे के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

सेवानिवृत्त आर्मी गौतम कुमार निषाद ने बताया कि उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राथमिक शाला में हुई। 9वी से 12वीं की शिक्षा पाण्डुका हाईस्कूल में हुई। आगे बताया कि बचपन से ही सेना में जाकर देश सेवा करने की इच्छा थी। वर्ष 2005 में 22 वर्ष उम्र में बिलासपुर सैनिक भर्ती में रेडियो ऑपरेटर पद पर चयन हुआ। प्रारंभिक ट्रेनिंग नासिक में लेने के बाद प्रथम पोस्टिंग मुंबई में हुई। उसके बाद देश के अम्बाला, गोपालपुर, उधमपुर, पानागढ़ तथा दिल्ली में भारतीय वायु रक्षक कोर में हवलदार के पद पर पदस्थ हुए। 30 नवंबर को सेवानिवृत हुए। परिवार में उनकी मां मानकीबाई निषाद, बड़ेभाई, पत्नी रोहणी निषाद शिक्षिका, पुत्री खुशी, पुत्र नंदकिशोर निषाद है। पांडुका के चारोंधाम चौक में स्कूल फ्रेंड्स के दोस्तों ने फूलमाला से स्वागत किया। सेवानिवृत्त आर्मी श्री निषाद ने युवाओं से संदेश दिया है कि वह सेना में जाकर मातृभूमि की सेवा करें। युवा कड़ी मेहनत करके अपनी मंजिल पा सकते हैं।

मौके पर सूबेदार पीके वर्मा, जनपद सदस्य हिरामन ध्रुव, संतराम कश्यप, डॉ विष्णु निषाद, चपेश्वर निषाद, त्रिपाल निषाद, पूर्व सैनिक प्रकाश सिंग, मुरली ध्रुव, चंपाबाई निषाद, चमेलीबाई, लीलाबाई, पेमिनबाई निषाद, फागू निषाद, मोतीराम निषाद, पवन निषाद समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# एड्स के खिलाफ लड़ाई में हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण : डॉ. शारदा

- मगरलोड कालेज में एड्स नियंत्रण पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड




यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड की प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में रासेयो इकाई एवं रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में एड्स नियंत्रण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड की मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शारदा ठाकुर, बीपीएम डॉ. मनोज पटेल, आईसीटी काउंसलर एलके ठाकुर थे।

बीएमओ डॉ ठाकुर ने एड्स को एक गंभीर और लाइलाज बीमारी बताते हुए कहा कि एचआईवी संक्रमण असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सिरिंज या रक्त के प्रयोग और संक्रमित मां से नवजात में फैल सकता है। एचआईवी शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है, जिससे शरीर अन्य गंभीर बीमारियों का शिकार हो जाता है। आगे कहा कि एचआईवी एड्स के खिलाफ लड़ाई में हर व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण है। जागरूकता से ही समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सकता है। मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमा चंद्राकार, डॉ.यशोदा साहू, निरूपा साहू, डॉ. सुशीला साहू, एनएसएस एवं रेडक्रॉस के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# संस्कृति और सभ्यता ही आदिवासी समाज की पहचान : बिशालराम

- सर्व आदिवासी समाज जोन सांकरा का हुआ चुनाव, 40 गांव के लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सर्व आदिवासी समाज की जोन स्तरीय बैठक गोंडवाना सामाजिक भवन कोरमुड़पारा सांकरा में हुई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष बिशालराम ध्रुव, उपाध्यक्ष रामलाल छेदैहा, सचिव श्यामसुंदर नेताम, सहसचिव मुंगेश ध्रुव, खूबचंद भंडारी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनाथ ध्रुव, संरक्षक धनसिंह नेताम, मंगियाराम चनाप, महेश नाग, रामलाल सोरी, कृष्णकुमार ध्रुव, प्रयागचंद बिसेन, सलाहकार भगवान सिंह नेताम, निर्भय सिंह नाग, चैनसिंह नेताम, बंशीलाल ध्रुव, संचालक प्रकाश नेताम, संजय श्रीमाली व मीडिया प्रभारी टेमन सिंह नायक बनाये गये।

बैठक में सांकरा जोन के सांकरा, कूपपारा, नवागांव, गहनासियार, महुआ बाहरा, खल्लारी, चमेदा, गादुलबाहरा, रिसगांव, अमाबहार, मासुलखोई, मेचका, बेलरबाहरा, तुमड़ी बाहर, अर्जुनी, ठेनही, बासीन, गाताबाहरा, लिलांज, हिछापुर, भीरागांव, रानीगांव, मल्हारी, पोडीडीही, करही, मांदागिरि, करखा, अरसीकन्हार, भैसासांकरा, मसानडबरा सहित 40 गांव से समाजजन उपस्थित थे।

अध्यक्ष बिशालराम ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले दिनों में सर्व आदिवासी समाज एकजुटता के साथ सामाजिक विकास में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर आगे बढ़ेंगे। आदिवासी समाज की संस्कृति और सभ्यता हमारी पहचान है।

पदाधिकारियों के चयन पर हरि भंडारी अध्यक्ष आदिवासी हल्बा समाज युवा प्रकोष्ठ सांकरा, शांतनु नाग, अजीत सूर्यवंशी, तमेश भंडारी, महेंद्र नाग, जितेंद्र नाग, सुमन श्रीमाली, कमल कश्यप, संतोष भंडारी, दीपक सूर्यवंशी, टिकेश्वर नाग टिकेश्वर कश्यप, रूपचंद देव, संजय देव, लिमचंद नाग, उमेश पुजारी, चुनेश्वर पुजारी, रोशन श्रीमाली, शिव चनाप, दुर्गेश भंडारी, धर्मेंद्र पुजारी, सुरेश पुजारी ने हर्ष जताया है।

# तहसील ग्राम पटेल संघ के गुरुदयाल अध्यक्ष मनोनीत



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

तहसील ग्राम पटेल संघ भखारा की बैठक में पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष गुरुदयाल साहू ग्राम भेंडरवानी, उपाध्यक्ष शंभू चंद्राकर ग्राम सेनचुवा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र साहू ग्राम सेमरा बी, सचिव घनाराम साहू ग्राम कचना, संरक्षक गणेशराम, शिवप्रसाद, जगदीश कामड़े मनोनीत किए गए।

मौके पर जिला ग्राम पटेल संघ अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू, हेमू निषाद, प्रदेश ग्राम पटेल सचिव बलराम साहू एवं तहसील ग्राम पटेल भखारा के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई ने अपना पूरा जीवन राज्य और धर्म के उत्थान में लगाया

- बोड़रा स्कूल में अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर हुआ व्याख्यान कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



शासकीय हाईस्कूल बोड़रा में पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड स्त्रोत समन्वयक टामेश्वर सिंह ठाकुर तथा मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख कामता प्रसाद साहू थे।

इस अवसर पर प्राचार्य श्याम सुंदर साहू ने कहा कि विद्यालय में महापुरुषों की जयंती मनाने के पीछे यही उद्देश्य है कि हम महापुरुषों के बारे में जाने, उनके जीवन से कुछ प्रेरणा ले। देवी अहिल्याबाई के जीवन में घटित घटनाओं के बारे में कविता के माध्यम से बताया। टामेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारे पूर्वजों से मिली सांस्कृतिक विरासत, कला व संस्कृति को सहेजकर रखे ताकि आने वाली पीढ़ी उनसे कुछ सीख सके, उनका अनुकरण कर सके। कामता प्रसाद साहू ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होलकर ने जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए कार्य किया। साधारण कृषक परिवार में जन्मीं अहिल्या बाई असाधारण प्रतिभा की धनी थीं। सभी के साथ समान न्याय करती थीं। उन्होंने अपने जीवन के प्रत्येक क्षण को राज्य और धर्म के उत्थान में लगाया। मुगलों द्वारा ध्वस्त किए मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया। अपने राज्य के साथ-साथ देश के अन्य तीर्थों में भी कई मंदिर, बावड़ी, धर्मशाला आदि बनवाई। इस अवसर व्याख्याता एचके बंसोर, केके साहू, केएल साहू, डीके साहू एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

विधायक ने ग्राम भीतररास में सामाजिक भवन का किया लोकार्पण

# शिक्षा से ही आज हल्बा समाज की पहचान : अंबिका

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी




विधायक अंबिका मरकाम ने ग्राम भीतररास में हल्बा समाज उपगढ़ सिहावा नगरी के सामाजिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने समाजजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हल्बा समाज ने शिक्षा को विशेष महत्व दिया है। आज समाज के लोग कलेक्टर, एसपी, इंजीनियर, वकील, डॉक्टर, जज बनकर समाज व क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। शिक्षा की बदौलत ही हम एक सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं। शिक्षा का मतलब सिर्फ नौकरी पाना नहीं है। आगे कहा कि किसी भी समाज को सामाजिक गतिविधि के लिए भवन की आवश्यकता होती है निश्चित तौर पर आज हल्बा समाज को भवन मिला है। शादी विवाह से लेकर अन्य धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम भवन में संपन्न किए जा सकते हैं। इससे समाज आर्थिक रूप से सशक्त होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ध्रुवकुमार कश्यप अध्यक्ष हल्बा समाज उपगढ़ सिहावा ने की। विशेष अतिथि लक्ष्मी ध्रुव पूर्व विधायक, लखनलाल ध्रुव पीसीसी सदस्य, भानेन्द्र ठाकुर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी, भूषण साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस नगरी, रंजना सूर्यवंशी सरपंच भीतररास, उमेश देव संभागीय सदसय अध्यक्ष हल्बा समाज सिहावा, आरएल देव अध्यक्ष केंद्रीय हल्बा समाज सिहावा, प्रयाग बिशेन अध्यक्ष उपगढ़ हल्बा समाज सिहावा, हृदय नाग अध्यक्ष उपगढ़ हल्बा समाज नगरी, केआर बोघारिया पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष, नोहरसिंह सोम, देवेश सूर्यवंशी, हलधर, गिरिजा देव, देवराज सोम, दिनेश शाण्डिल्य, प्रमोद कुंजाम, मयंक ध्रुव मौजूद थे।

Pride of Dhamtari
राजनीतिक कटआउट
3,6,8,12,20,30 फीट के बनाएं जाते है
फ्लैक्स बैनर, बोर्ड, टी-शर्ट तुरंत प्राप्त करें
अधिक जानकारी के लिये तुरंत सम्पर्क करें
हीरा आर्ट्स सदर बाजार, कचहरी चौक नगर निगम के पास-धमतरी 93011-01400




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

**खबर संक्षेप**

## छग गंधर्व समाज की बैठक में जिले के पदाधिकारी हुए शामिल

**नगरी।** छत्तीसगढ़ गंधर्व गांड़ा समाज की प्रांतीय बैठक सुपेला भिलाई स्थित सामाजिक भवन में हुई जिसमें धमतरी जिलाध्यक्ष दीनदयाल गंधर्व, उपाध्यक्ष राजकुमार चालकी, सचिव वासुदेव मरकाम, सहसचिव नरोत्तम मंडावी, सिहावा क्षेत्रीय अध्यक्ष गणेशराम टान्डेश, उपाध्यक्ष गणेशराम नगारची, सेवाराम बघेल, बृजभूषण बघेल, बसंत टान्डेश, बीरबल सोनवानी, संतोष मरकाम, भोजराज सोनवानी शामिल हुए।

## सायबर अपराध से बचने दिए सुझाव

**दुर्गुकोंदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर सुखई में आयोजित किया गया। बौद्धिक कार्यक्रम के तहत थाना प्रभारी साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों और उनके खतरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने लोगों को मजबूत पासवर्ड बनाने, संदिग्ध लिंक्स पर क्लिक न करने और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### जनहितैषी विकास कार्यों के क्रियान्वयन के लिए केंद्रीय मंत्रियों को सौंपा ज्ञापन

# दिल्ली से लौटे विधायक चंद्राकर, आज मनोनीत सोसाइटी अध्यक्षों के शपथ ग्रहण समारोह में करेंगे शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरुद विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों एवं विभिन्न जनहितैषी कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने दिल्ली प्रवास पर रहे क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर वापस लौट गये। वे आज वृहत्ताकार एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुरुद विधानसभा क्षेत्र के नवमनोनीत अध्यक्षों के लिए पुरानी कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करेंगे।

बता दें कि बीते 1 दिसम्बर से नई दिल्ली प्रवास के दौरान विधायक अजय चंद्राकर ने केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की और कुरूद विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सड़क, स्वास्थ्य, रेल, शिक्षा, श्रम और रोजगार से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष रखा, जिन पर सकारात्मक चर्चा हुई और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन मिला। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्होंने सड़क कनेक्टिविटी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। साथ ही भारतमाला परियोजना अंतर्गत रायपुर से विशाखापट्टनम राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में कुरुद में एकरेखन फीडर रूट कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने हेतु विभाग को आवश्यक निर्देश प्रदान करने का आग्रह किया। यह संवाद क्षेत्र के प्रगति पथ को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली से लौटने के बाद विधायक चंद्राकर आज दोपहर 12 बजे पुरानी मंडी कुरुद में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।



### अटंग में रैक पॉइंट निर्माण की मांग दोहराई

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात के दौरान विधायक अजय चंद्राकर ने कुरूद विधानसभा के ग्राम उमरदा में प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की। इसके साथ ही वर्चुअल कंसल्टेशन और डायग्नोस्टिक लैब की सुविधाएं प्रदान करने का भी अनुरोध किया। मंत्री ने इस परियोजना को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया, जो क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने में सहायक होगा। इसके बाद विधायक अजय चंद्राकर ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की और कुरूद विधानसभा के ग्राम अटंग में रैक पॉइंट निर्माण की मांग की। इससे क्षेत्र के परिवहन नेटवर्क में सुधार होगा और स्थानीय जनता को भी इसका लाभ मिलेगा। मंत्री ने इस पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### विधायक की पहल विकास की नई दिशा तय करेगी

विधायक श्री चंद्राकर ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भी मुलाकात की। उनसे शिक्षा, कौशल विकास और अन्य योजनाओं पर गहरी चर्चा हुई। मंत्री ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी सहायता देने का भरोसा दिलाया, जो इस क्षेत्र के युवा और विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त विधायक चंद्राकर ने श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया से भी मुलाकात की और कुरूद विधानसभा के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। इन सभी मुलाकात से यह स्पष्ट हुआ कि केंद्रीय मंत्रियों से की गई सार्थक चर्चा और उठाए गए मुद्दे कुरूद विधानसभा क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विधायक अजय चंद्राकर की यह पहल क्षेत्र के लिए विकास की नई दिशा तय करेगी।

## भाजपा नेता मालकराम के नेतृत्व में बूथ अध्यक्षों का हुआ चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

प्रदेश भाजपा के निर्देश पर गांव-गांव में बूथ अध्यक्षों का निर्वाचन करा जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। भाजपा नेता मालकराम साहू ने ग्राम बगौद के बूथों में अध्यक्षों का निर्वाचन संपन्न कराया।

श्री साहू ने बताया कि ग्राम बगौद के बूथ क्रमांक 115 के अध्यक्ष के लिए हुकुमचंद पटेल ने ईश्वर साहू के नाम का प्रस्ताव रखा। निर्वाचन अधिकारी टेमन बंजारे ने बूथ क्रमांक 115 के लिए ईश्वर साहू को बूथ अध्यक्ष निर्वाचित किया। पारसमणि साहू ने भारतेन्द्र साहू का नाम प्रस्ताव किया, जिसे निर्वाचन अधिकारी घनश्याम चन्द्राकर ने बूथ क्रमांक 116 का अध्यक्ष भारतेन्द्र साहू को निर्वाचित घोषित किया। बूथ क्रमांक 117 के अध्यक्ष निर्वाचन में कमलेश साहू विष्णु यादव का नाम प्रस्ताव किया गया, जिसे निर्वाचन अधिकारी मालक राम साहू ने अध्यक्ष विष्णु यादव को निर्वाचित घोषित किया। सभी बूथ के निर्वाचन में हीराराम साहू, कुलेश्वर चन्द्राकर मंडल अध्यक्ष कुरूद, सुरेश नेताम, खेमराज बंजारे, सुनीता साहू, भोजराज, घनश्याम चन्द्राकर, नरोत्तम साहू, गीतांजलि पाठक, रूपा साहू, भंवरलाल कुर्रे, गीतेश चन्द्राकर, टेकराम ध्रुवंशी, देवानंद पाठक, हुकुमचंद पटेल, हीरामणि साहू, भीमति, सरिता सारिता साहू, दीपक पटेल, अमीरा साहू मौजूद थे।

## नपं भखारा में 345.91 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास और दुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत भखारा भठेली की मांग पर लगभग 4 करोड़ रुपये के 21 विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया गया। भठेली में मांगलिक भवन 46.42 लाख और वार्ड नंबर 14 और 7 में पानी टंकी का निर्माण, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भखारा में विभिन्न कार्य, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य निर्मलकर पारा वार्ड क्र. 07, सामुदायिक भवन निर्माण कार्य (परिक्षेत्र साहूपारा में) नगर पंचायत भखारा-भठेली, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौक सौंदर्यीकरण कार्य वार्ड क्र. 13, अटल चौक के पास हाईस्कूल वॉल डिजाइन कार्य दायीं ओर, अटल चौक के पास हाईस्कूल वॉल डिजाइन कार्य बायीं ओर, शेड निर्माण कार्य गौठान वार्ड क्रं. 02 भखारा, शेड निर्माण कार्य मुक्तिधाम वार्ड क. 02, शेड निर्माण कार्य यादवपारा सामुदायिक भवन के पास वार्ड क. 02 भखारा, शवदाह शेड (किमेशन शेड) निर्माण कार्य मुक्तिधाम वार्ड क. 02, शेड निर्माण कार्य ठाकुरदेव के पास वार्ड क्र. 04 भखारा, शेड निर्माण कार्य निषादपारा सामुदायिक भवन वार्ड क्र. 10 भखारा, शेड निर्माण कार्य यादवपारा सामुदायिक भवन के पास वार्ड क्र. 14 भखारा, शेड निर्माण कार्य नपं कार्यालय वार्ड क. 15, ब्राम्हण सामुदायिक भवन निर्माण कार्य वार्ड क्रं 07, वार्ड क्र. 10 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, अटल परिसर निर्माण कार्य नया बस स्टैण्ड के पास वार्ड क्र. 07, 200 किली क्षमता 18 मी. आरसीसी इलेवेटेज सर्विस रिजरवायर्स निर्माण कार्य वार्ड क्रं. 14, वार्ड क्रं. 07 सामुदायिक शौचालय के पास 200 किली. क्षमता 18मी. स्टेज आरसीसी इलेवेटेज सर्विस रिजरवायर्स निर्माण कार्य, पाईप लाईन विस्तार कार्य कोलियारी नाला पंप हाउस से सुलभ शौचालय वार्ड क्र. 07 तक, 16 मी. हाईमास्ट लाइट के स्थापना कार्य, हाट बाजार एवं रामलीला मैदान में विकास कार्य हुए।

## संसद घेराव में शामिल होने एनएसयूआई कार्यकर्ता रवाना



■ शिक्षा और रोजगार को लेकर आज करेंगे संसद का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के आव्हान पर शिक्षा व रोजगार के लिए न्याय की लड़ाई लड़ने 5 दिसंबर को संसद घेराव का कार्यक्रम रखा है जिसमें देशभर के छात्र-युवा एवं एनएसयूआई कार्यकर्ता शामिल होंगे। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में जिले से दर्जनों कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचकर संसद घेराव कार्यक्रम में शामिल होंगे। श्री देवांगन ने बताया कि देश में बढ़ती बेरोजगारी, भर्ती प्रक्रिया में देरी और शिक्षा फंड में कटौती, पेपरलीक, अग्निवीर योजना और आरक्षण नीति व मणिपुर जैसे मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के नेतृत्व में एनएसयूआई संसद घेराव करेगी। इस संसद घेराव में राजा देवांगन के साथ प्रशांत शर्मा, ओमप्रकाश मानिकपुरी, जय श्रीवास्तव, पूरन सोनी, अमन साहू, तेज प्रकाश साहू, सुदीप सिन्हा, जय ध्रुव, चन्दू सोनकर, सुनील सिन्हा, लक्की निर्मलकर, सूर्या कश्यप, अरविंद यादव, चैतन्य साहू, अज्जू देवांगन, तेजप्रताप साहू, उदय साहू सहित दर्जनों कार्यकर्ता रवाना हुए।

## पेयजल के लिए वार्डवासी पहुंचे निगम दफ्तर



**धमतरी।** औद्योगिक वार्ड के यादवपारा निवासी पेयजल की समस्या को लेकर नगर निगम पहुंचे। महापौर को ज्ञापन देकर समस्या हल करने की मांग की है। महापौर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का हल करने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया। पार्षद अजय वर्मा के नेतृत्व में निगम दफ्तर पहुंचे वार्डवासी इंदु यादव, गीता यादव, कमला यादव, खोमिन बाई, निर्मला यादव, सरोज यादव, रितेन्द्री यादव, देवकी यादव, फगनी बाई, सावित्री ने बताया कि उनके मोहल्ले में लगभग 40 परिवार रहते हैं। टेपनलों में एक सप्ताह से पानी नहीं आ रहा है। पाइपलाइन लीकेज को सूचित करने के बाद भी नहीं सुधारा गया है। पानी के लिए उन्हें दूर तक सफर करना होता है। महापौर ने जल्द ही पेयजल की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है।

## राज्यपाल से पूर्व विधायक सहित भाजपाइयों ने की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल रामेन डेका बुधवार को धमतरी प्रवास पर रहे। उन्होंने कलेक्ट्रेट में अधिकारियों की विशेष बैठक ली। पूर्व विधायक रंजना साहू के साथ अनेक भाजपाइयों ने राज्यपाल से भेंटकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

मौके पर भाजपा नेता प्रकाश गोलछा, जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, राजेश गोलछा, रोहिताश मिश्रा, डीपेंद्र साहू, नरेंद्र साहू, जय हिंदूजा एवं देवेश अग्रवाल उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर लगाई गई कलाचित्र की प्रदर्शनी



**धमतरी।** समाज कल्याण विभाग के ड्राइंग टीचर मनोहर दास द्वारा संविधान दिवस पर संविधान की महती को दर्शाने वाली कलाचित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें महात्मा गांधी के विचार, डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर के राष्ट्र के प्रति संदेश शामिल हैं। देश में साम्प्रदायिक हिंसा से हो रही राष्ट्रीय संपत्ति के अनुसार को दर्शाया गया है। यह प्रदर्शनी शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका हायर सेकेंडरी स्कूल धमतरी में लगाई गई। इस अवार पर विद्यालय में अध्ययनत छात्राएं, नगर सैनिक एवं शिक्षिकाओं द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मिथिलेश चोपड़ा मनोवैज्ञानिक, अनुराधा गुरूपंचा, निकिता तिवारी, श्रीमती दुर्गा साहू, विजय लक्ष्मी शर्मा, चन्द्रकांत साहू, दुर्गा देवांगन उपस्थित थे।

**ज्योतिषी** शिर्डी से आपके धमतरी में



अखिल भारतीय ज्योतिषी सम्राट नगर में 9वीं बार
माँ कामाख्या के परम भक्त
पं. कुण्डलिक शास्त्री जी
आपके शहर धमतरी में



जनता की मांग पर - 30 नवम्बर से 9 दिसम्बर 2024 तक

मां कामाख्या के आशीर्वाद प्राप्त भक्त पंडित जी चेहरा-हस्तरेखा ध्यान से देखकर भविष्य बताते हैं। जैसे रोग- संतान प्राप्ती, मांगलिक दोष, कालसर्प दोष, शादी में रूकावट, प्रेम विवाह, पारिवारिक-घर में अशांति, संतान योग, पढ़ाई में मन न लगना, बच्चों के कैरियर, विदेश यात्रा, राजनैतिक, सामाजिक, पारिवारिक, कोर्ट-कचहरी से परेशानी, नौकरी में प्रमोशन, व्यापार धन लाभ, शारीरिक कष्ट, रोग, पीड़ा, कलेश, शत्रु से मुक्ति, घर से परेशान, पति-पत्नी का दोष आदि समस्याओं का समाधान। कठिन से कठिन समस्याओं का समाधान।

बाबाजी सिर्फ 3 प्रश्नों के उत्तर देंगे, जिसकी भावना शुद्ध है वहीं मिले
(मिलने का समय : सुबह 8 से 12 बजे, दोपहर 2 से शाम 7 बजे तक)

पता - भगवती लॉज, रूम नं. 117
बस्तर रोड, धमतरी मो. 9637078050
फीस 205/-




Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।



HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा



47 YEARS OF TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### फसल प्रबंधन पर मिली किसानों को जानकारी

**कांकेर।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र सिंगारभांट के चतुर्थ वर्ष के छात्रों का ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव के तहत मोहपुर के किसानों को जैविक कीटनाशक और रोग प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया गया, जिसमें डॉ. जगृति पटेल और प्रदीप कुमार गंजीर के मार्गदर्शन में छात्रो ने जैविक कीटनाशक तैयार किया। किसानों को कीटों और फसल रोगों के प्रबंधन के प्रभावी तरीके बताए गए। किसानों को प्राकृतिक स्त्रोतों से जैविक कीटनाशक तैयार करने की विधि और खेतों में उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को फसल सुरक्षा के लिए नियमित निगरानी और सही उपचार के महत्व के बारे में भी बताया गया।

### सायबर अपराध से बचने दिए सुझाव

**दुर्गुकोंदल।** कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर सुखई में आयोजित किया गया। बौद्धिक कार्यक्रम के तहत थाना प्रभारी साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकारों और उनके खतरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने लोगों को मजबूत पासवर्ड बनाने, संदिग्ध लिंक्स पर क्लिक न करने और व्यक्तिगत जानकारी साझा न करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए। ललित नरेटी ने स्वच्छता के महत्व और इसके प्रभावों पर चर्चा किया। संध्या के समय औचक निरीक्षण में रासेया के जिला संगठन बीआर नायक पहुँचे और स्वयंसेवकों के द्वारा रात को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

### मावा मोदोल के लिए आज स्क्रीन टेस्ट

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर के अभिनव पहल मावा मोदोल योजना के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी व अन्य संवर्ग के छात्र-छात्राओं के जीवन स्तर को सुधारने एवं शासकीय नौकरी के लिए इच्छुक विद्यार्थीयों के लिए प्रतियोगी परीक्षा सभी पंजीयन कराए हुए छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग टेस्ट आज 05 दिसम्बर 2024 दिन गुरूवार को समय दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिन छात्रों ने पंजीयन नहीं कराया है। वह भी अपने आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र के साथ परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो सकते है। स्क्रीनिंग टेस्ट के लिए विकासखंड मुख्यालय के शासकीय पीएमश्री विद्यालय भानुप्रतापपुर (सेजेश), शासकीय पीएमश्री विद्यालय अंतागढ (सेजेश), शासकीय पीएमश्री विद्यालय दुर्गुकोंदल (सेजेश), शासकीय उमा विद्यालय पखांजुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### युवक कांग्रेस का तहसील कार्यालय का घेराव 9 को

**भानुप्रतापपुर।** भाजपा की किसान विरोधी नीतियों, वादा खिलाफी व धान खरीदी में किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस 09 दिसंबर सोमवार को भानुप्रतापपुर के तहसील कार्यालय का घेराव करेगी। प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव पंकज राज वाधवानी ने कहा कि क्षेत्र बारदाने की कमी के कारण धान बेचने में बाधा आ रही है। टोकन प्रणाली अव्यवहारिक है, जिससे कई किसानों की बारी नहीं आ रही। ऐसी कई समस्याओं को लेकर आंदोलन किया जाएगा।

### तीन दिनी बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत अंतर संकुल स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता संकुल मर्रामपानी व सिहारी के अंतर्गत संकुल स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन मदले में 5 दिसंबर से 7 दिसंबर तक तीन दिवसीय बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर की दौड़, कबड्डी, वालीबाल, खो-खो का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्रामवासी तैयारी में जुटे हुए हैं।

नगर निगम महापौर विजय देवांगन ने प्रेसवार्ता में बताया

# पीएम आवास के आवेदन निरस्त पार्षद निधि भी नहीं मिली : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी




नगर निगम के महापौर विजय देवांगन ने बुधवार को अपने कक्ष में प्रेसवार्ता लेकर पत्रकारों को बताया कि राज्य में नई सरकार आते ही धमतरी नगर निगम में पीएम आवास के लिए जमा 2 हजार से अधिक आवेदन निरस्त कर दिए गए। इसके अलावा नगरीय निकाय में पार्षद निधि भी नहीं पहुंची है। अब नए आवेदन मंगाकर आय, जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता कर दी गई जिससे हितग्राहियों में आक्रोश है। इसे लेकर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराएंगे।

श्री देवांगन का कहना है कि साय सरकार के गठन के बाद आम आदमी के साथ छलावा हो रहा है। जनप्रतिनिधि भी परेशान हैं। कांग्रेस सरकार में दो माह के अंदर पीएम आवास की स्वीकृति मिल जाती थी। अब लोगों को सालभर इंतजार करना पड़ रहा है। 2 हजार कार्य रिजेक्ट हो गए हैं। राजनीतिक लाभ के लिए पुनः आवेदन मंगाया जा रहा है। आय, जाति की अनिवार्यता से जनता परेशान हैं। जब सभी गरीब लोगों को पीएम आवास दिया जाना है तो आय, जाति प्रमाण- पत्र की क्या जरूरत है। यह काला कानून वापस लें। सभी जानते हैं कि आय जाति प्रमाण- पत्र आसानी से नहीं बनते। इस नियम से कई पात्र हितग्राही पीएम आवास से वंचित रह जाएंगे।

श्री देवांगन ने बताया कि कांग्रेस सरकार में अप्रैल माह में ही पार्षदों की निधि जारी हो जाती थी लेकिन इस बार सालभर से महापौर और पार्षद निधि जारी नहीं हुई है। विकास कार्यों के लिए भाजपाई पार्षदों ने 6 करोड़ रूपये की स्वीकृति दिलवाएं हैं वही लोग बीते दिनों निगम में 5 करोड़ के स्वीकृत विकास कार्यों को निरस्त भी कराए। अब 6 करोड़ की स्वीकृति पर आतिशबाजी कर रहे हैं। इसमें क्या उपलब्धि है। स्वीकृत राशि 19 भाजपा पार्षदों के वार्डों में खर्च होगी। कांग्रेसी पार्षदों को कुछ नहीं मिला है जिसकी हम निंदा करते हैं।

श्री देवांगन ने बताया कि शहर के लगभग 30 समाज के लिए सामाजिक भवन बनाने राशि स्वीकृत हुई थी। पता चला था कि यह राशि कलेक्टोरेट तक आ गई थी जो वापस हो गई। समाजों को राशि से वंचित होना पड़ा। शहर के चार मार्ग सिहावा रोड, रत्नाबांधा मार्ग, गंगरेल रोड, बिलाई माता मार्ग के चौड़ीकरण के लिए कांग्रेस सरकार ने 117 करोड़ की घोषणा की थी। चुनाव के पहले स्टीमेट भेज दिया गया था। सरकार बदलते ही इस विकास कार्य को रोक दिया गया। अब शहर के बाहर निगम की राशि 50 लाख से अटल व्यावसायिक परिसर बनाया जा रहा है।

प्रेसवार्ता के दौरान एमआईसी मेंबर, राजेश ठाकुर, अवैश हाशमी, केन्द्र कुमार पेंदरिया, राजेश पांडे, चोवाराम वर्मा, कमलेश सोनकर मौजूद थे।

## महापौर निधि से खरीदे गए लाखों के सामान कबाड़ में : मोटवानी



- 6 महीने पूर्व ही बाजार मूल्य से ज्यादा दाम में की गई थी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

नगर निगम के पार्षद विजय मोटवानी ने कहा है कि कलेक्टर ने प्रति सप्ताह होने वाली टीएल मीटिंग में विभागों के अधिकारी कर्मचारियों को कबाड़ की सामग्रियों को नियमतः शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुरूप डिस्पोज किए जाने का निर्देश दिया है। नगर निगम धमतरी ने भी निगम के विभिन्न स्थानों पर यत्र-तत्र पड़े कबाड़ के सामानों को इकट्ठा कर फिल्टर प्लांट में रखा है जहां पर सबसे अधिक कबाड़ 6 महीने पूर्व ही महापौर निधि से खरीदे गए सामान हैं। श्री मोटवानी ने कहा है कि नगर निगम के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ने जनता के पैसे का दुरुपयोग करते हुए बाजार मूल्य से अधिक दाम पर इन वस्तुओं को खरीदा। उसके बाद इन सामग्रियों की गुणवत्ताविहीन कहकर कबाड़ बना दिया।

उन्होंने पहले कलेक्टर, नगर निगम आयुक्त सहित शासन प्रशासन का ध्यान इस संबंध में आकृष्ट कराते रहे लेकिन कांग्रेस शासनकाल में इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। अब समय आ गया है कि जनता की अदालत में ऐसे जनप्रतिनिधियों के साथ न्याय होगा।

## जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रही प्रदेश की साय सरकार : रंजना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



बीते वर्ष चुनाव के परिणाम ने प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनाने का मार्ग तय किया था जिसके बाद प्रदेश की कमान विष्णुदेव साय को सौंपी गई। बतौर मुख्यमंत्री निरंतर विकास कार्य और कल्याणकारी योजनाओं के नाम से जानता के बीच अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज की। पूर्व विधायक रंजना साहू ने इस जनादेश दिवस को सुशासन और समृद्धि का एक वर्ष बताया। आगे कहा कि पांच साल तक प्रदेश में भय और आतंक की सरकार का अंत इसी दिन हुआ था और प्रदेश में पुनः विकास का सूर्योदय हुआ था। प्रदेश की जनता ने छत्तीसगढ़ में कमल खिलाकर सुशासन की सरकार बनाने के अटूट संकल्प को पूरा किया था। इस जनादेश के बाद से मुख्यमंत्री बनते ही विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी पूरा करते हुए प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाना शुरू किया और जनकल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा दी। प्रदेश में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता दी। प्रधानमंत्री आवास को पुनः शुरू किया। किसानों से 3100 रूपये में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान ख़रीदी करने का संकल्प भी हमारी सरकार पूरा करने जा रही है। प्रदेश में शांति व्यवस्था स्थापित करने माओवादियों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही कर रही है। इसके साथ ही कई विकासकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कर प्रदेश में समृद्धि का वातावरण स्थापित किया है। हमारी सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतर रही है। जनता की प्रत्येक अपेक्षा को भी पूरा कर रही है।

## गीता जयंती महोत्सव पर 15 को निकलेगी शोभायात्रा

- कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने नगर इकाई कोसरिया यादव समाज की हुई बैठक
- युवक-युवती परिचय सम्मेलन भी होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



नगर इकाई कोसरिया यादव समाज धमतरी के तत्वावधान में 15 दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी के लिए सर्व यादव समाज भवन में बैठक रखी गई। अध्यक्ष रामेश्वर यादव ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम आमातालाब के पास सर्व यादव समाज भवन परिसर में होगा। पुरानी कृषी मंडी से भगवान कृष्ण की विशाल शोभायात्रा निकलेगी, जो नगर के मुख्य मार्गों से गुजरेगी। रैली में महिलाओं की कलशयात्रा और राउत नाचा प्रमुख रहेगा। कार्यक्रम में विवाह योग्य सामाजिक युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन भी रखा गया है। इसके अतिरिक्त होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान, आदर्श विवाह का कार्यक्रम होगा।

बैठक में सचिव यशवंत यादव, नरेन्द्र यादव, बंशी यादव, तुलसीराम यादव, राजू यादव, हेमंत यादव, हीरा यादव, दीपक यादव, सुकलाल यादव, नंदकिशोर यादव, लीली यादव, कांति यादव, सुरेखा यादव समेत अनेक सामाजिकजन उपस्थित थे।

## राजाराव पठार में वीर मेला की तैयारी शुरू



- 8, 9 और 10 को होंगे कई कार्यक्रम, दिखेगी आदिवासी संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

जगदलपुर मार्ग स्थित राजाराव पठार में इस साल भी 8 से 10 दिसंबर तक वीर मेला का आयोजन होगा। वीर आयोजन समिति व्दारा इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, अरविन्द नेताम, कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर, साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहलसिंह साहू, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय संचालक डॉ. पुर्णेन्दु सक्सेना, जिला पंचायत सदस्य मीना सत्येन्द्र साहू, जीआर राना पूर्व अध्यक्ष अजजा आयोग, गोंड़वाना महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अकबर राम कोर्राम, उरांव समाज के सलाहकार परसूराम भगत, बीएस रावटे होंगे। इस आयोजन को धमतरी, बालोद और कांकेर जिले के आदिवासी समाज मिलकर करते हैं। यहां देव स्थापना और देव मिलन के साथ आदिवासी हाट बाजार, आदिवासी लोक नृत्य, आदिवासी महापंचायत, युवा संसद, आदिवासी प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता है। नारायण सिंह की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रध्दांजलि दी जाती है। इस मेले में शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए अलग-अलग विभागों व्दारा स्टॉल लगाया जाता है। इस तीन दिवसीय आयोजन में आदिवासी संस्कृति की झलक दिखाई देती है।

## पूर्व विधायक ने देखी द साबरमती रिपोर्ट फिल्म



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा ने अपने परिवार, साथियों के साथ द साबरमती रिपोर्ट फिल्म देखी। इस फिल्म में 27 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा स्टेशन के पास हुए साबरमती हादसे के सच को उजागर करने का प्रयास किया गया है। साथ ही तात्कालिक सामाजिक और राजनीतिक गठजोड़ को भी उजागर करता है जिसने झूठे नरेटिव फैलाकर सत्य को दबाने का घृणित प्रयास किया था। यह केवल एक फिल्म नहीं है, बल्कि यह उस हादसे के पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।

### नर्सिंग छात्रों ने एड्स के कारणों एवं बचाव के उपाय बताए

**धमतरी।** रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा के विद्यार्थियों ने विश्व एड्स दिवस पर जिला चिकित्सालय धमतरी में बैनर, पोस्टर एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से इस रोग के प्रति आमजनों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने एड्स रोग के कारणों एवं इससे बचाव के उपाय साझा किये। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, सिविल सर्जन डॉ. आर. सूर्यवंशी, अनामिका साहू उपस्थित थे।

## जिलाबदर आदेश का उल्लंघन करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद



जिला बदर आदेश का उल्लंघन करते हुए कुरूद क्षेत्र के जिलाबदर हुए एक निगरानी बदमाश को छाती में घूमते हुए पेट्रोलिंग पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने गुंडा बदमाशों पर नजर रख कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये हैं।

इसी तारतम्य में थाना कुरुद को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना कुरूद क्षेत्र का निगरानी बदमाश जिलाबदर गिरधर बारले उर्फ बंटी पिता जीवनलाल बारले उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम छाती बिना अनुमति के धमतरी जिला में प्रवेश कर अपने गांव छाती मंडी चौक के पास घूम रहा है। इस सूचना पर बदमाश को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। बदमाश गिरधर बारले के पास धमतरी जिला में प्रवेश करने संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं था। आरोपी को धारा 223 (ए) बीएनए एवं छग जनसुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 15 के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। उक्त आरोपी पर 6 अगस्त 24 को जिला दंडाधिकारी धमतरी द्वारा जिलाबदर की कार्यवाही की गई थी। इस कार्यवाही में थाना कुरूद से प्रआर डैनी मंडावी, प्रआर हरीश साहू, आरक्षक भागवत खांडेकर, ओमप्रकाश निषाद, महिला आरक्षक प्राची गुप्ता, नगर सैनिक हेमंत ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग, दांत रोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)




डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

छग की संस्कृति एवं परंपरा को सहेजने का काम भूपेश सरकार ने किया : कविता

# तीज त्यौहार पर अवकाश कांग्रेस की देन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी





छग महतारी सेवा समिति एवं छत्तीसगढ़िया सर्व समाज के तत्वावधान में ग्राम भटगांव में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापित की गई। आयोजन की मुख्य अतिथि जिला पंचायत वन समिति सभापति कविता योगेश बाबर थीं। अध्यक्षता प्रभारी सरपंच लक्ष्मीनारायण धुव ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा और ख़ानपान पर विशेष ध्यान देते हुए लोगों के मन में छत्तीसगढ़िया भावना पैदा करने के लिए विभिन्न योजनाएं चलायी गई। छत्तीसगढ़ को मूलतः धान के कटोरा के नाम से जाना जाता है। माता की मूर्ति के हाथ में धान की बाली और हंसिया इसका प्रतीक है। श्रीमती बाबर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के तीज त्योहारों पर शासकीय अवकाश की घोषणा कांग्रेस सरकार की देन है। गांव- गांव में रामायण प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक को भाग लेने का अवसर मिला। इस दौरान बच्चों ने कर्मा नृत्य, सुआ नृत्य, राउत नाचा की रंगारंग प्रस्तुति दी। समिति ने श्रीमती बाबर से मूर्ति स्थापना स्थल पर शेड निर्माण की मांग की। उन्होंने जल्द ही यहां पर शेड का निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। मौके पर गोविंद गजेंद्र, सुमन गजेंद्र, रोशन साहू, दूजराम, वासुदेव यादव, कुंजबिहारी, प्रेमू राम सिन्हा, चंद्रिका सिन्हा समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511